तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 30 साल से बिना नवीनीकरण चल रहे 'प्रियदर्शनी कॉम्प्लेक्स' की ...





14 कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार व ईडी का फूंका पुतला








वयस्क यूरोलॉजी - डॉ. आकाश अग्रवाल (MBBS, MS, MCH)

प्रोस्टेट में सूजन, प्रोस्टेट कैंसर, ब्लैडर कैंसर, मूत्रमार्ग इन्फेक्शन, लिंग का टेढ़ा हो जाना, किडनी और ब्लैडर की पथरी, स्ट्रिक्टर-पेशाब नाली में सिकुड़न, इंकॉन्टीनेंस-पेशाब निकल जाना, पेनफुल ईरेक्शन (पेरोनी डिजीज) तथा अन्य मूत्र सम्बन्धी बीमारी

एसएमसी हॉस्पिटल

रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी

मो. 7725046397



आज ही सम्पर्क करें

पीडियाट्रिक यूरोलॉजी- डॉ. प्रदीप साहू (MBBS, MS, MCH)

फिमोसिस, पैरा फिमोसिस, हाइपोस्पेडियास, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, वेसिकोयुरेटेरल रिफ्लक्स, किडनी में सूजन, न्यूरोजेनिक ब्लैडर, बिस्तर में पेशाब कर देना, वेरीकोसील, क्रिप्टोरकैडीस्म तथा बच्चों की अन्य, सभी मूत्र सबंधित समस्याएँ।

प्रदीप हॉस्पिटल

बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी

मो. 7725001343, 9893659633




Shri Gopala Hospital

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध



कामप्टेक महाविद्यालय

First AICTE Approved College

संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.

B.Sc | BCA | B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स | PGDCA | DCA

सीमित सीटें

सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)

शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें

ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION

आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे

अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082


## खबर संक्षेप

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 20 को

**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी द्वारा 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी जिसकी तैयारी के लिए 20 जुलाई को आमातालाब यादव समाज भवन में दोपहर 1 बजे बैठक रखी गई है। यह जानकारी अध्यक्ष रामेश्वर यादव नगर इकाई धमतरी ने दी है।

### मेधावी छात्रों का सम्मान करेंगे शिक्षक

**धमतरी।** शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति की आमसभा में 10 वीं व 12 वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति धमतरी के संचालक मंडल की बैठक समिति कार्यालय आमातालाब रोड में हुई, जिसमें लिए गए निर्णय के अनुसार रविवार 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इस आमसभा में मेरिट में आए छात्रों का सम्मान किया जाएगा। वार्षिक लेखाजोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए सदस्यों को उत्तरदायित्व सौंपा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समिति के सदस्य शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

अवैध रेत से हो रहे सरकारी कार्यालयों में निर्माण व मरम्मत कार्य

# खदानों में हो रही कार्रवाई सरकारी कार्यालयों में छूट





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध रेत पर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। एक ओर जहां अवैध रेत पर खनिज विभाग की कार्रवाई चल रही है, वहीं कलेक्टोरेट में ही कई विभागों में निर्माण, मरम्मत जैसे कई कार्य में अवैध रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर शाम ढलने के बाद कलेक्टोरेट, कम्पोजिट बिल्डिंग सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में ट्रैक्टर से रेत की आपूर्ति की जा रही है। इस अवैध रेत सप्लाई को देखकर भी अधिकारी आंख मूंद लेते हैं।

एनजीटी के नियम के अनुसार 10 जून से सभी रेत घाटों से सीधे रेत निकासी पर प्रतिबंध लग गया है। इसके बाद भी महानदी से रेत माफिया धड़ल्ले से रेत की निकासी कर रहे हैं। इस साल बारिश के मौसम में भी रेत की अच्छी डिमांड है, जिसके चलते रेत माफिया रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ट्रैक्टर, हाइवा, मेटाडोर, आटोरिक्शा सहित कई साधनों से रेत की सप्लाई जारी है। खनिज विभाग भी मुस्तैद होकर रेत की अवैध निकासी को रोकने में जुटा हुआ है। शनिवार को ही कोलियारी की अवैध रेत खदान सहित कई खदानों में दबिश देकर गाड़ियों पर कार्रवाई की। इससे पहले भी कई खदानों से चेन माउंटेन मशीन, हाइवा, ट्रैक्टर, मेटाडोर जब्त की गई है। विडंबना यह है कि अवैध रेत खनन पर कार्रवाई करने वाले सरकारी अधिकारियों को जरूरत पड़ रही है तो वे नियम कायदे को दरकिनार कर अवैध रेत मंगा रहे हैं। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को शाम 6.30 बजे कलेक्टोरेट में नजर आया। जहां पर रेत से भरा एक ट्रैक्टर कलेक्टोरेट पहुंचा था। इस ट्रैक्टर के चालक के पास रेत की रायल्टी पर्ची नहीं थी। पूछने पर ड्राइवर ने बताया कि कलेक्टोरेट के एक सरकारी विभाग में टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। इसी के लिए रेत मंगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि हर दो तीन दिन में कलेक्टोरेट, कम्पोजिट बिल्डिंग, जिला पंचायत सहित अन्य विभाग में किसी न किसी निर्माण कार्य के लिए अवैध रेत मंगाई जाती है। खदानों पर जाकर कार्रवाई करने वाले अधिकारी कलेक्टोरेट में पहुंच रहे इन ट्रैक्टरों में भरे अवैध रेत को नजरअंदाज कर देते हैं।

### डंपिंग के खिलाफ ग्रामीणों का मोर्चा

ग्राम पंचायत लीलर में अवैध रेत डंपिंग के खिलाफ ग्रामवासी और सरपंच व पंचगणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग हाइवा से लीलर में अवैध रेत डंपिंग कर रहे हैं। ग्राम पंचायत लीलर ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया था कि वे अपने सभी दस्तावेज एक सप्ताह के अंदर जमा करें लेकिन संबंधित रेत भंडारण करने वाले ने कोई दस्तावेज ग्राम पंचायत लीलर में जमा नहीं किया है। रेत घाट बंद होने के बाद भी भंडारण किए जाने से ग्रामीणों को शक हुआ। उन्होंने पिटपास की मांग की तो दूसरे भंडारण का पिटपास दिखाया गया। ग्रामीणों ने इस डंपिंग का विरोध शुरू कर दिया है।

### प्रति ट्रैक्टर दो सौ रुपए की वसूली

शहर के पास कोलियारी, अछोटा, अमेठी रेत खदान है, जहां पर रेट कम्पिटिशन के चलते शहर और आसपास के गांवों में रेत के रेट में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। शुक्रवार तक इन खदानों से प्रति ट्रैक्टर 50 रुपए की वसूली की जा रही थी। शनिवार को बढ़ाकर सीधे 200 रुपए कर दिया गया। वहीं कई ट्रैक्टर संचालकों को छूट भी दी जा रही है जिसके चलते वे सस्ते दर पर कस्टमर को रेत पहुंचा रहे हैं।

### मड़ेली परिसर में मखना हाथी कर रहा विचरण



**धमतरी।** मखना हाथी भारतमाला रोड को पारकर उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के परिसर मड़ेली में पहुंच गया है। दल प्रमुख एससीएफओ प्रेमलाल डहरे ने बताया कि शनिवार शाम 7 बजे मड़ेली परिसर के कक्ष क्रमांक 23 आरएफ में हाथी विचरण कर रहा था। आसपास क्षेत्र के गांव बनियातोरा, बूढ़ाराव, मड़ेली, बकोरी, चारभाठा, मगरलोड, तेंदूभाठा, राजाडेरा, रेंगाडीह, हथबंध, जलकुंभी में मुनादी कर अलर्ट किया गया है।

# अनियंत्रित स्कार्पियो पलटी, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल घूमकर वापस लौट रहे दस लोगों से भरी स्कार्पियो मोड़ में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में सवार 7 लोग घायल हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार खरोरा क्षेत्र के ग्राम कोसरंगी से 10 लोग स्कार्पियो में सवार होकर घूमने के लिये बस्तर गये थे। वापस लौटते समय गंगरेल बांध घूमने के लिये पहुंच गये। बांध घूमकर सभी अंगारमोती माता के दर्शन के लिये मंदिर चले गये। जहां माता के दर्शन के बाद सभी लोग स्कार्पियो में सवार होकर वापस खरोरा जाने गंगरेल से

गंगरेल की घटना



निकल रहे थे। इसी दौरान अंगारमोती मंदिर मार्ग पर स्थित शीतला मंदिर मोड़ के पास स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना में वाहन में सवार 10 लोग युवराज यादव पिता दुर्गा यादव उम्र 19 वर्ष, आनंद यादव पिता चिंतुराम 20 वर्ष, योगेश साहू पिता लीलाधर 23 वर्ष, जयकुमार साहू पिता विसम्भर 19 वर्ष, कुलदीप साहू पिता सुखंद साहू, राज वंशवार 21 वर्ष व एक अन्य सभी ग्राम कोसरंगी खरोरा निवासी घायल हो गये। घायलों में से दो को गंभीर चोट आई है। पांच लोगों को सामान्य चोट लगी है। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंचे और एम्बुलेस से घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया।

### वर्षा हुई नदारद, उमस से बेचैन हो रहे लोग

**धमतरी।** बारिश के लिए सिस्टम बनने के बाद भी जिले से वर्षा नदारद है। उमस भरे मौसम से लोग बेचैनी महसूस कर रहे हैं। अगले पांच दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों तक वर्षा गतिविधि में तीव्रता में वृद्धि होने संभावना है। औसत समुद्रतल पर मानसून द्रोणिका उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर राजस्थान, फतेहगढ़, मुजफ्फरपुर, बांकुरा, कोंटाई के सीमावर्ती क्षेत्रों से होते हुए अवदाब के केंद्र से होकर पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। एक द्रोणिका औसत समुद्र तल से 0.9 किमी उपर उत्तर बिहार के मध्य भाग से झारखंड होते हुए उड़ीसा तक जा रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघ गर्जन की संभावना है।

झुण्ड में रहकर मवेशी, बकरी, मुर्गियों पर भी हमला करने से नहीं चूक रहे

# आवारा कुत्तों का आतंक, माहभर में 880 से अधिक केस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर व ग्रामीण अंचल में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। महीने भर में जिला अस्पताल में 880 लोगों को रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। कुत्तों के झुण्ड को देख लोग दहशत में आ जाते हैं।

बारिश के मौसम में आवारा कुत्ते काफी हिंसक हो जाते हैं। ये कुत्ते झुण्ड में रहकर मवेशी, बकरी, मुर्गियों पर हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं लोगों को भी दौड़ाकर काट रहे हैं। घर के सामने खेल रहे बच्चे भी कुत्तों के काटने से घायल हो रहे। खतरनाक हो चुका कुत्तों का झुण्ड दूसरे झुण्ड को देखते ही हमला कर रहा है। कुत्तों का आतंक शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल में भी है। कुत्तों का झुण्ड रात्रि में और ज्यादा हिंसक हो रहा है। चौक चौराहों पर बैठे आवारा कुत्ते चारपहिया वाहनों को देखते ही दूर तक उनका पीछा करते हैं। वहीं देर रात काम से घर लौट रहे दोपहिया व साइकिल सवारों पर हमला कर रहे हैं। वहीं पालतू कुत्ते भी अपने मालिकों को निशाना बना रहे हैं। जिला अस्पताल से मिले डाग बाइट के आंकड़े झकझोर कर देने वाले हैं। बीते माह में जिला अस्पताल में 880 से अधिक लोगों को रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। इसमें नये मरीज के साथ साथ फालोअप के भी मरीज शामिल हैं।

बीते दिनों ग्राम भानपुरी में एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचा 7 से 8 लोगों को अपना शिकार बनाया था जिसमें गांव के कलीराम को पागल कुत्ते ने बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया था। अगर आसपास के लोग मदद के लिये नहीं पहुंचते तो वृद्ध के लिये काफी खतरनाक स्थिति बन जाती। घायल का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर

लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर

लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 70679 79318, 70241 25200

## खबर संक्षेप

### खाद की कालाबाजारी पर लगाम लगाएं प्रशासन : प्रमोद

**नगरी।** वर्तमान में छत्तीसगढ़ के किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में यदि कोई अवैध रूप से खाद का परिवहन करता



है, तो यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि किसानों के साथ खुला अन्याय भी है। कुछ दिन पहले नगरी थाना में एक अवैध खाद परिवहन की गाड़ी को पकड़ा गया है। यह गंभीर मामला है और इस पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। जनपद पंचायत नगरी के जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने आरोप लगाया है कि यह कार्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो सरकार के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। ऐसे कृत्य से किसानों का विश्वास टूटता है और प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े होते हैं। श्री कुंजाम ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

फॉलोअप : हरिभूमि की खबर का पुलिस प्रशासन ने लिया संज्ञान

# एसडीओपी जोरातराई के शिव मंदिर पहुंची, घटना की जांच की, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद





जोरातराई के 40 साल पुराने शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जलाधारी खंडित शीर्षक से हरिभूमि में प्रकाशित समाचार को पढ़कर पुलिस प्रशासन ने स्वयंमेव संज्ञान लिया है। खुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा अपने अनुविभाग के अंतिम छोर के इस गांव में पहुंचकर घटित घटना का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारी को निर्देशित किया है।

बता दें कि गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा जोरातराई (सी) के शीतला तालाब के समीप स्थापित शिव मंदिर के शिवलिंग के जलाधारी को खंडित कर दिया गया है। इसकी जानकारी होने के बाद भगवान शिव पर आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। बावजूद मंदिर समिति या ग्राम प्रमुखों द्वारा कोई पहल होते नहीं देखा गया। चूंकि सावन का माह चल रहा है और शिव भक्त रोजाना बेल पत्र व जल चढ़ाने शिव मन्दिर पहुंचते हैं। ऐसे में किसी की आस्था को खंडित करने से श्रद्धालुओं में आक्रोश देखा गया जिसे लेकर हमने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामले को जिले के एसपी सूरज सिंह परिहार ने गंभीरता से लिया एवं अपने अधीनस्थ अधिकारी को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

इधर भखारा पुलिस ने ग्रामीणों से आवेदन लेकर धार्मिक स्थलों, पूजा स्थलों या धार्मिक प्रतीकों के अपमान या नुकसान से संबंधित अपराध पाये जाने पर धारा 298 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

### जलाधारी के अलावा नंदी भी हो चुका है खंडित

शनिवार की सुबह करीब 10 : 30 बजे एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने कुरूद से जोरातराई के लिए प्रस्थान किया। इधर पुलिस थाना भखारा की टीम ने भी एएसआई नीरज दुबे के साथ मौके पर पहुंचकर मंदिर का निरीक्षण किया। इतने में ही एसडीओपी श्रीमती मिश्रा भी मंदिर पहुंच गईं। उन्होंने मंदिर के भीतर स्थापित शिवलिंग के जलाधारी का निरीक्षण किया तब उन्होंने देखा कि जलाधारी के साथ नंदी को भी खंडित किया गया है। मामले की गंभीरता को भांपकर तत्काल उन्होंने मंदिर समिति से जुड़े लोगों, गांव के उपसरपंच एवं ग्राम पटेल का बयान दर्ज करवाकर मंदिर समिति के लोगों द्वारा लिखित शिकायत लेकर इस मामले में अपराध पंजीबद्ध करने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारी को आदेशित किया।

# सुखराम नागे कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही छात्र ब्रांड एम्बेसडरों के लिए 9 जुलाई को एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर चर्चा की। एनईपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य प्रो. मोहित कुमार ने इस शैक्षणिक सत्र में तृतीय सेमेस्टर के लिए लागू विषयों, मूल्यांकन पद्धतियों, क्रेडिट सिस्टम की जानकारी दी। नोडल अधिकारी डा. रमेश देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं को छात्र–छात्रओं एवं पालकों को अवगत कराया। इस कार्यशाला में डा. अश्वनी ध्रुव, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डा. कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल, कृष्णकुमार सिन्हा, रविकांत कोसरे, त्रिलोचन ठाकुर, गंगाधर साहू तथा छात्र एंबेसडर के रूप में मनीष साहू, डिगेश्वर देवांगन, रिषिता पटेल, हिमेश्वरी साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षक सौरभ पांडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डा.रमेश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन डा. कविता नारंग ने किया।

## तालाब की मेड़ पर बरगद के पौधे लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

एक पेड़ मां के नाम पर शनिवार को माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के शिक्षक कौशलेश सिन्हा, उमेश्वरी साहू शिक्षक तथा कोमलूराम नेताम प्रधानपाठक एवं महेन्द्र सोरी शिक्षक, डेविड ठाकुर पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बांधा, ग्रामीण झुन्नू नेताम, छात्र निकेश कुमार, रोशनकुमार ने महमल्ला मॉल के शीतला तालाब मेड़ पर बरगद के पौधे रोपे। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी झुन्नू नेताम, डेविड ठाकुर तथा बच्चों को दी गई है।

# धीवर समाज परगना कंडेल का वार्षिक सम्मेलन आज

**पुरी।** छग धीवर समाज परगना कंडेल का वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 20 जुलाई रविवार को ग्राम कंडेल के धीवर समाज सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया है। सामाजिक विषयों पर चर्चा एवं प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता बसंत तारक संरक्षक धीवर समाज रायपुर परगना करेंगे। विशिष्ट अतिथि धनेश्वरी भूमेश साहू सदस्य जिपं धमतरी, नीलम चंद्राकर सदस्य जिपं धमतरी, दिनेश्वरी रोशनलाल साहू सदस्य जपं



धमतरी, गिरधर सार्वा सरपंच कंडेल, मोतीराम हिरवानी महासचिव मछुआ कल्याण समिति रायपुर, बसंत कुमार संरक्षक धीवर समाज परगना कोटनी, सहदेव धीवर अध्यक्ष धीवर समाज परगना कोटनी, राजकुमार धीवर अध्यक्ष धीवर समाज परगना रायपुर होंगे। यह जानकारी दीनदयाल मतस्यपाल अध्यक्ष धीवर समाज कंडेल ने दी।

# विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर हुई समाजजनों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सर्व आदिवासी समाज तहसील की बैठक सर्व आदिवासी सामाजिक भवन नगरी में हुई। बैठक में 9 अगस्त को भखारा में जिलास्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग और महिला प्रभाग के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी किया गया।

मौके पर युवा प्रभाग के अध्यक्ष संत नेताम, कार्यकारिणी अध्यक्ष पोखन नेताम, गरिमा ध्रुव, उपाध्यक्ष नरसिंग मरकाम, श्रीधन सोम, वेदप्रकाश ध्रुव, महासचिव दीपेश नाग, सचिव विवेक सोरी, सहसचिव शोभीराम वट्टी , संगठन मंत्री कांता कुंजाम, नवीन गौर, टिकेश नेताम, संगठन महामंत्री, गिरिवर गोपाल, सलाहकार प्रमोद कुंजाम, अरविंद नेताम, ओमप्रकाश देव, मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव, महिला प्रभागअध्यक्ष शशि कला ध्रुव के साथ महिला प्रभाग की पूरी टीम ने समाज के प्रति निः स्वार्थ भाव से कार्य करने की शपथ ली। बैठक में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव व सामाजिकगण सुरेंद्र ध्रुव, नेमीचंद देव, संतोष गंगेश, पूरन नेताम, आरएल देव, हलधर शार्दुल, खिंजन कश्यप, सुरेश ध्रुव, उत्तम नेताम, दलगंजन मरकाम, जोहन नेताम, रामकुमार मंडावी, सुरेंद्र राज ध्रुव, पुष्पलता ध्रुव, शैल नेताम, राधिका साक्षी, फुलेश्वरी नेताम, आरती ध्रुव उपस्थित थे।

# छग निर्माण के जननायक थे डॉ. खूबचंद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

- सुखराम नागे महाविद्यालय में मनाई गई जयंती



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्षन एवं डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर परिषद (हिन्दी, राजनीति विज्ञान, इतिहास विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जयराम कुर्रे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. मनोज देवांगन ने खूबचंद बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अश्वनी ध्रुव ने बघेल जी के समाजिक समरसता एवं साहित्य में स्थान पर अपने विचार रखे। प्रो. आरआर मेहरा ने श्री बघेल के राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान तथा राजनीतिक क्रियाकलाप के बारे में जानकारी दी। प्रो. हितेषानंद ठाकुर द्वारा बघेल जी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में कार्य को रेखांकित किया गया। हिन्दी विभाग के छात्र अमृतांशु निराला ने डॉ. खूबचंद बघेल का जीवन वृत्तांत, मानेन्द्र ने उनकी राजनीतिक यात्रा तथा तुलेश्वरी नेताम ने साहित्यिक रचनाओं का मूल्यांकन एवं मधुलता ने छग राज्य निर्माण में उनके योगदान की महत्ता बतलाई।

इस अवसर पर डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, सौरभ पाण्डे, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, अविरल तिवारी सहित हिन्दी, राजनीति विज्ञान, इतिहास विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छिपली में सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**नगरी।** ग्राम पंचायत छिपली में गुरुवार को मेन रोड अटल चौक से पुखराज साहू घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष विनोद साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महाकाल मंदिर के पुजारी गोविन्द सोम, पंचगण डमरू सोम, आशीष नेताम, पुष्पा टंडन, रम्भा कोषरे, लता नवरंग, रमशीला सोम, मोनू पोटाई, देवेंद्र, मोंटू साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। रोड में कीचड़ हो जाता था। यह गांव के लोगों की लम्बी मांग थी।

## अंचल की खबरें

### छाती सोसाइटी परिसर में रोपे 150 पौधे



**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में शनिवार को फलदार व फूलदार आम, जाम, नींबू, कटहल, जामुन, गुलमोहर के 150 पौधे रोपे गए। आश्रित ग्राम झिरिया में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण कर मिट्टी, पानी, डालकर सुरक्षित किया गया। मौके पर नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग, छाती सरपंच दानेश्वरी यादव, समिति अध्यक्ष ललित साहू, जनपद प्रतिनिधि पालनहार, उपसरपंच रमेश यादव, भेषजलाल साहू, मिस्त्रीलाल पटेल भाजपा भोथली मंडल अध्यक्ष, राजेश चन्द्राकर पंच, पुनीत चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, रूपेश साहू, भानु साहू, रोहित साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर समेत समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कृषकगण उपस्थित थे। यह जानकारी नरेंद्र साहू समिति प्रबंधक ने दी।

### महिलाओं को चरण पादुका बांटी गई



**नगरी।** ग्राम दुगली में जिला वनोपज मर्यादित संघ व वन विभाग द्वारा आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महिलाओं को चरण पादुका का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमनाथ सोम ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति शुभम यदु, नरोत्तम नरसिंह मरकाम, वन विभाग के एसडीओ बीके लाकड़ा, रेंजर सुभाष ध्रुव, वरुणदेव नेताम समेत प्रबंधकगण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल की छात्राओं ने भेजा रक्षासूत्र



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में बालिकाओं द्वारा देश के वीर जवानो के नाम रक्षा सूत्र राखी एवं अपने गांव की मिट्टी भेजी गई। यह एक अनोखा प्रयास है उन वीर जवानों तक अपना स्नेह पहुंचाने का जो देश के बॉर्डर में हमारी एवं हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### पंच ने स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज





**जीजामगांव।** ग्राम चटौद निवासी टिकेश्वर साहू ने स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। उसकी बेटी प्रेरणा साहू कक्षा 10वीं में अध्ययनरत हैं। उनके जन्मदिन पर शासकीय माध्यमिक व हाईस्कूल चटौद के सभी बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी, चावल-सब्जी खिलाई। साथ ही हाईस्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधा रोपा गया। टिकेश्वर साहू के इस सराहनीय कार्य के लिए सरपंच खेमचंद साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, शिक्षक वासन्ती देवांगन, विश्रुति व्यास, भानु साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर ने हर्ष जताया है।

### सरपंच ने दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सलोनी के वार्ड क्रमांक 11 के भुवनेश्वर मेश्राम के आकस्मिक निधन होने के पश्चात सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव ने श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रुपये उसकी पत्नी श्रीमती अहिल्या मेश्राम को उनके पुत्र कुलेश मेश्राम, बहू ज्योति मेश्राम व उनकी माता की उपस्थिति में प्रदान की। इसी तरह वार्ड पंच श्रीमती लक्ष्मी नागेश ने भी अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 1000 रुपये की सहायता राशि भेंट की।

भूगोल विभाग के एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने इंटर्नशिप पूरी की

# परंपरागत से लेकर आधुनिक कृषि से अवगत हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के भूगोल विभाग के एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के निर्देशानुसार हर्ष नेचुरल फार्म भुसरेंगा में 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण की।

डॉ. एके मिश्रा प्राचार्य के निर्देशन में यह कार्यक्रम हुआ। इंटर्नशिप कार्यक्रम अंतर्गत हर्ष नेचुरल फार्म के डायरेक्टर हर्षवर्धन चन्द्राकर ने हार्टिकल्चर की सूक्ष्म तकनीकी, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी से छात्र-छात्रओं को अवगत कराया। परंपरागत कृषि से लेकर आधुनिक व्यावसायिक कृषि के विकास एवं इतिहास को रोचक तरीके से छात्र-छात्राओं को बताया। फार्म हाऊस में की जा रही लौकी, खीरे एवं करेले की खेती को कृषि भूमि में ले जाकर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्रओं को भविष्य में रोजगारोन्मुख कृषि की ओर प्रेरित करने के साथ कृषि क्षेत्र में की जा रही नवीन तकनीक एयरोपोनिक्स एवं हाइड्रोपोनिक्स के बारे में बताया। ज्ञात हो कि इस फार्म से गुलाब के फूल, लौकी, खीरा एवं करेला को देश के विभिन्न राज्यों की मण्डी में पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. पाण्डेय ने की। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस साहू एवं भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक अमित टण्डन उपस्थित थे।

एमए द्वितीय सेमेस्टर भूगोल के छात्र-छात्राएं अखिलेश ध्रुव, दामिनी, देवकी, धर्मेन्द्र साहू, दीक्षा साहू, फागुराम, फलितकुमार, गणिता, कमलेश, केशरी, खुशबू, लोकेश्वरी, नवदीप साहू, सरोजनी, टामिन, टिकेश्वरी ने इंटर्नशिप पूर्ण की एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

# सिहावा स्कूल की छात्राओं ने देश के वीर जवानों के लिए 100 रक्षा सूत्र तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष रक्षा सूत्र वीर जवानों तक पहुंचाया जाता है। इसी कड़ी में शाउमावि सिहावा की छात्राओं ने देश के वीर जवानों के लिए 100 से अधिक रक्षा सूत्र भेजे। छात्राओं ने बड़ी ही उत्सुकता से देश के वीर जवानों के लिए अपने हाथों से राखियां तैयार की। उन्होंने कहा सैनिक हमारे देश के रक्षक हैं। प्राचार्य एस. साहू ने बच्चों से कहा कि जवान अपने घरों से दूर रहकर अपनी जान की परवाह किए बिना हमारी रक्षा करते हैं ताकि हम सभी सुरक्षित रह सके। वे लोग हमारी तरह अपने घरों मे त्योहार नहीं मना पाते, रक्षाबंधन में अपनी बहनों से दूर रहते हैं इसलिए उनकी बहन बनकर उनकी रक्षा के लिए तथा उन्हें घर की दूरियां महसूस न हो इसलिए हम एक राखी हमारे देश के वीर जवानों के लिए भेज रहे हैं। छात्राओं द्वारा बनाई गई राखी को भाजपा की महिला मोर्चा सदस्य प्रीति यदु को दिया गया।

इस अवसर पर शिक्षक वेदराम सेन, गोविन्द नारायण साहू, हीरा मरकाम, दुष्यंत पुजारी, हरीश साहू, दिनेश यादव, हेमंत साहू, संजय शांडिल्य, नीलकमल ठाकुर, निशा साहू, योगमाया, नीतु जैन, तिलेश्वरी अटल, योगमाया मरकाम, रश्मि यदु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से युवती की मौत, विवेचना जारी

कांकेर। सिकसोड़ थानांतर्गत 21 वर्षिय फुलबासन को साप ने काट लिया, जिसे इलाज के लिए अंतागढ़ अस्पताल लेकर जाने पर इलाज के दौरान मौत हो गया। नावागावड़े निवासी 45 वर्षीय मानिक लाल ने पुलिस को बताया कि मृतिका को 17 जुलाई की रात को साप ने काट लिया। इलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सर्पदंश से दो साल के बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत दो वर्षिय प्रवीण कुमार का साप के डसने से 17 जुलाई को मौत हो गया। मण्डागांव निवासी 27 वर्षीय हीरालाल ने पुलिस को बताया कि पत्नी व उसका बेटा रात को सोए हुए थे। रात को अचानक साप ने दो वर्षिय बेटे प्रवीण को काट लिया। इलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया।

उपचार के दौरान युवक की मौत, कारण अज्ञात

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत 34 वर्षीय दीपक विश्वास का अज्ञात कारणों के चलते 18 जुलाई को मौत हो गया।

### जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान का आयोजन

**कांकेर।** जिला स्तरीय स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कोकपुर में किया गया। श्रमदान कर गांव के गली, मुहल्ला, धार्मिक स्थल, स्कुल एवं शहीद स्मास्कों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता श्रमदान के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी के द्वारा पौधारोपण करते गांव के लोगों को भी पौधारोपण करने प्रेरित किया और कहा कि एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाए और उसका देखभाल भी एक शिशु की तरह करे, जब तक पौधा संभल नही जाता। स्वच्छता श्रमदान करने सरपंच निषा दुग्गा, उपसरपंच चुनेश्वर जैन, प्यारसिंग मण्डावी, प्रभारी प्राचार्य तुलसी मण्डावी, जनपद कांकेर के एडीशनल सीईओ सुशील पोटाई, स्व-सहायता समूह की बहने, मितानिन दीदी, शिक्षकगण, कोटवार, पंचगण एवं ग्राम की महिलाए शामिल रहे।

### न्यूरोफिजिशियन डॉ. तपस्या आज कांकेर में देंगी सेवाएं

कांकेर। न्यूरो विशेषज्ञ कलकत्ता की सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ.



तपस्या 20 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल सुन्दरम के पास राठौर मेडिकल में उपलब्ध रहेंगी। सिर दर्द, मिर्गी के दौरे, तीव्र रीढ़ की हड्डी की चौट, स्ट्रोक लकवा, पार्किंसंस रोग, हाथ पैर में झुनझुनी, सिर की चोट हेड इन्ज्यूरी, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, सरवाइकल दर्द, मस्तिष्क पक्षाघात, एक तरफ के चेहरे का पक्षाघात, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, माईग्रेन कमजोरी, जकड़न, अल्जाइमर याददास्त खोना एवं कम कमर दर्द व नसों में में दर्द के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगी। उक्ताशय जानकारी राजकुमार राठौर ने दिया।

### तालाकुर्रा संकुल में मासिक बैठक का हुआ आयोजन



**कांकेर।** हायर सेकेंडरी तालाकुर्रा संकुल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी संस्था के प्रधानाध्यापक और शिक्षक सम्मलित हुए। विद्यालय से संबधित पुस्तकालय, गणवेश, नए पुस्तकों की स्कैनिंग विद्यालय में दर्ज संख्या अनुसार पुस्तकों का मांग पत्र, जाति निवास बनाने, विद्यालय विद्युत, शौचालय, बच्चों का मीड डे मील की साफ सफाई, रोपित पौधों की सुरक्षा, शिक्षकों को प्रतिदिवस देनंदिनी लिखना, समय पर विषय अनुसार पढ़ना, समय पर विद्यालय इन सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। संकुल प्राचार्य बनमाली ठाकुर, विनोद बोरकर, शेखर महलवार, चंद्र भुवन ध्रुव एवं भुजबल साहू उपस्थित रहे।

जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और दस सदस्यीय जांच समिति ने किया निरीक्षण

# तीस साल से बिना नवीनीकरण चल रहे 'प्रियदर्शनी कॉम्प्लेक्स' की हुई जांच, एक दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा जनपद पंचायत नगरी द्वारा 1995 में निर्मित 54 दुकानों वाले प्रियदर्शनी कॉम्प्लेक्स में कथित अनियमितताओं की जांच तेज हो गई है। शनिवार को जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू और दस सदस्यीय जांच समिति ने परिसर की कई दुकानों का निरीक्षण किया और नियम विरुद्ध पाए जाने पर एक दुकान को सील कर दिया।



जांच समिति के अनुसार दुकानें मूल अनुबंध शर्तों तीन वर्ष में 10 प्रतिशत किराया वृद्धि और समय पर नवीनीकर का पालन नहीं कर रहीं। बड़ेकक्ष के लिए 1,172 रुपये और छोटे कक्ष के लिए 733 रु. मासिक किराया तय था, जो नियमानुसार अब लगभग पांच गुना होना चाहिए था। समय पर नवीनीकरण न होने से जनपद पंचायत को प्रतिमाह लाखों रुपये का संभावित राजस्व नुकसान बताया जा रहा है।

सूत्रों का दावा है कि कई मूल आवंटी दुकानों का हस्तांतरण कर चुके हैं, जबकि अनुबंध क्रमांक 4 स्पष्ट रूप से किसी तीसरे पक्ष को कब्जा देने पर प्रतिबंध लगाता है। नियम उल्लंघन सिद्ध होने पर दुकान आवंटन स्वतः निरस्त माना जाएगा और नयी नीलामी प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

समिति ने पंद्रह से अधिक दुकानों का प्रारंभिक डेटा एकत्र किया है। शेष दुकानों की जांच आगामी चरणों में की जाएगी।

दुकानदारों से लिखित विवरण लेते समय जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, मुनेन्द्रध्रुव, पन्ना मरकाम, सभापति पन्नालाल मरकाम, श्रीधन सोम, कलावती नेताम सहित विभागीय कर्मी भी उपस्थित रहे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट सामान्य सभा में पेश की जाएगी, जहां आगे की कार्रवाई तय होगी।

## दिलीप सर्वसमाज समन्वय महासभा के जिला संयोजक बने



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्वसमाज समन्वय महासभा के प्रदेश संयोजक संजीव वशिष्ठ ने दिलीप पटेल को सर्वसमाज समन्वय महासभा का जिला संयोजक नियुक्त किया है।

जिला संयोजक दिलीप पटेल ने कहा कि धमतरी जिला सहित पूरे देश, प्रदेश में सर्व हिन्दू समाज को एक कर सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता लाएंगे। लोगों में सनातन धर्म की अलख जलाएंगे। सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना करेंगे। रामजानकी मठ मंदिर परिसर में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 25 जुलाई को सर्व समाज की बैठक होगी। यह प्रस्ताव लाया जायेगा कि हम सब जातिवाद, छूआछूत, उंच-नीच के भेदभाव को खत्म कर छग राज्य को सामाजिक एकता, सद्भाव का गढ़ बनाएंगे।

बैठक में नारीशक्ति महासभा की जिलाध्यक्ष पदमनी चंद्राकर, जिला सचिव चन्द्रकला पटेल, कोषाध्यक्ष बिमला पटेल, संगीता जगताप, श्यामा पटेल, डाली सोनी, रेणुका नाडेम, रूक्मणि सोनकर, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, निलेश राजा, संजय देवांगन, जानकी पटेल सम्मिलित हुए।

# विधायक ने नगर व क्षेत्र को दिलाई दस करोड़ की सौगात

- 3 करोड़ से इंडोर स्टेडियम, 7 करोड़ से बनेगी सड़क व पुल-पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





कुरुद विधानसभा में मोदी की गारंटी, विष्णु का सुशासन व अजय का विकास रथ निरंतर गतिमान है। परिणामस्वरूप विधायक श्री चंद्राकर के प्रयास से नगर व क्षेत्र के लिए राज्य सरकार ने करीब 10 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की फिर बड़ी सौगात दी है। नपं कुरुद में 3 करोड़ के इंडोर स्टेडियम के साथ क्षेत्र में पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ की राशि शामिल है।

नपं अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने बताया कि राज्य सरकार ने विधायक अजय चन्द्राकर की अनुशंसा पर नगर पंचायत कुरुद के बाईपास रोड में इंडोर स्टेडियम बनाने 3 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने बताया कि हमारे नेता अपने गृहनगर के साथ- साथ पूरी विधानसभा को संवारने का इरादा रखते हैं।

इसी के तहत कुरूद विधानसभा को विकास की दो नई सौगातें मिली हैं। जिसमें पुल-पुलिया और सड़क निर्माण के लिए 6.61 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति शामिल हैं। 3.50 करोड़ रुपए की लागत से गोबर-परसवानी मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 2 किमी पक्की सड़क का निर्माण होगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इसी प्रकार 3.10 करोड़ रुपये से सेमरा कबीर गुफा से 2.20 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। इससे ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उक्त सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जाहिर करते हुए विधायक चंद्राकर का आभार माना है।

### पुराने स्टेडियम में बनेगा 100 बिस्तर का अस्पताल

गौरतलब है कि नगर के पुराने स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम परिसर को 100 बिस्तरों के सिविल हॉस्पिटल विस्तार हेतु हस्तांतरित कर दिया गया है जिसके बाद अब नगरवासियों और युवाओं के हित में नया इंडोर स्टेडियम बाईपास रोड पर बनाया जाएगा। जिसकी स्वीकृति उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर दी है। यह परियोजना अधोसंरचना मद से वित्त पोषित होगी और नगर के युवाओं, खिलाड़ियों और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगी।

## श्रृंगी ऋषि स्थल प्रवेश द्वार रंगबिरंगी लाइट से जगमगाया



**नगरी।** श्रावण मास के शुरू होते ही कांवरियों का महानदी उद्गम स्थल जल लेने आना शुरू हो गया है। बाबा श्रृंगी ऋषि के दर्शन के लिए काफी भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीणों के जन सहयोग से श्रृंगी ऋषि प्रवेश द्वार को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी झालर लाइट लगाई गई है जिससे यह तीर्थ स्थल खूबसूरत लग रहा है। पर्यटक को मोह लेने वाला यह डेकोरेशन लाजवाब है। उपसरपंच सुनील सिहसार ने बताया कि यहां हजारों कांवरियें दर्शन को आएंगे। मौके पर नारायण दास वैष्णव, फैजल खान, बल्लु वैष्णव, देवी पटेल, योगेन्द्र नाग, बालचंद निषाद, जीतु पटेल, हरि हल्बा, अमन, हरिश पटेल, जितेन्द्र निषाद, हर्षवर्धन निषाद, गौतम वर्मा, अमन निर्मलकर मौजूद रहे।

## धरना प्रदर्शन में धमतरी जिले के एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए शामिल



**धमतरी।** रायपुर में एनएसयूआई द्वारा लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी और उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। एनएसयूआई ने इसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास बताया है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में धमतरी जिले से भी बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में शामिल हुए। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे ने चेतावनी दी है कि यदि यह दमनकारी रवैया बंद नहीं हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

राजा देवांगन ने मीडिया को बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के नाम पर डराया जा रहा है, लेकिन हम न डरेंगे, न झुकेंगे, न रुकेंगे। लोकतंत्र बचाने की यह लड़ाई अब हर नौजवान की जिम्मेदारी है। इस दौरान पारसमणि साहू, तेजप्रताप साहू, नमन बंजारे, सुदीप सिन्हा, नोमेश सिन्हा, ओमप्रकाश मानिकपुरी, चितेन्द्र साहू, हार्दिक साहू, सौरभ बघेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता राजधानी पहुंचे।

## विद्युत विभाग ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

- अधीनस्थ सभी 10 वितरण केंद्रों, 3 उपसंभाग व सबस्टेशनों में भी रोपे जा रहे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शुक्रवार को छग स्टेट पॉवर कंपनीज संचा/संधा संभाग कुरूद में कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे एवं सहायक अभियंता एलएल ध्रुव के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संभागीय कार्यालय परिसर में अमरूद, सीताफल, नींबू, कटहल, नीम, गुलमोहर प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधे रोपित गए।



संभागीय प्रमुख श्री बंजारे ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को सजग रहते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। पॉवर कंपनी के उच्च कार्यालय द्वारा वन विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश के विद्युत कार्यालयों, अधिकारी-कर्मचारियों को पौधे वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि छग स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा इस वर्ष वृक्षारोपण महोत्सव कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश के विभिन्न विद्युत कार्यालयों, उपकेंद्रों एवं उत्पादन संयंत्रों में 15 अगस्त तक 50 हजार छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुरुद संभाग के अधीनस्थ सभी 10 वितरण केंद्रों, 3 उपसंभाग व सबस्टेशनों में भी पौधरोपण किया जा रहा है।

इस अवसर पर टीकाराम निषाद अनुभाग अधिकारी, कामदेव देवांगन अनुभाग अधिकारी, लोकेश्वर साहू, शेषराज वर्मा, दिलीप सोरी, पीयूष सिन्हा, प्रिया साहू, चम्पेश्वर, तुलेन्द्र, आफताब, भूपेंद्र, पिंकी, गायत्री, चन्द्राणी, रंजीत आदि कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दी।

## संभागायुक्त के जांच आदेश पत्र पर संगठन की मांग पर होगा पुनर्विचार

- डीईओ कार्यालय का घेराव 22 जुलाई तक के लिए स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में जिला शिक्षा विभाग एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई गंभीर त्रुटियों का निराकरण नहीं होने की स्थिति में शिक्षक साझा मंच द्वारा 17 जुलाई तक निराकरण करने तथा निराकरण नहीं होने की स्थिति में 18 जुलाई को डीईओ कार्यालय का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया गया था। अल्टीमेटम को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक साझा मंच के जिला संचालकगण डॉ. भूषणलाल चंद्राकार, अमित महोबे, दिनेश पांडे, दौलत राम ध्रुव के साथ एडीएम रीता यादव की अध्यक्षता में एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी, डीईओ टीआर जगदल्ले की चर्चा हुई। साझा मंच ने अपनी बात अपर कलेक्टर के समक्ष रखी।

13 जून को संभाग आयुक्त रायपुर को पूरे प्रमाण, तथ्य, दस्तावेज के साथ सौंपे गए शिकायत पत्र के आधार पर 16 जून को रायपुर कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय धमतरी को पूरे प्रकरण में जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई अनुशंसित कर प्रतिवेदन मंगाया था, जिस पर आशानुरूप कार्रवाई नहीं हुई थी, जिस पर संगठन ने आपत्ति दर्ज कराई। इस पर एडीएम ने डीईओ को निर्देशित किया कि साझा मंच को सुना जाना चाहिए था। उनसे दस्तावेज लिया जाना चाहिए था। इस विषय पर पुनर्विचार करते हुए शिक्षक साझा मंच को सुनवाई का अवसर प्रदान करने निर्देशित किया गया। दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही अनुशंसित करने निर्देशित किया गया। इसी कड़ी में प्रभावित शिक्षक संवर्ग के 122 अभ्यावेदन पर शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधियों के समक्ष एक-एक आवेदन का पुनः परीक्षण करने संबंधित सहमति बनी। इन मांगों के निराकरण के लिए 22 जुलाई तक का समय लिया गया है। उक्त अवधि में यदि निराकरण नहीं होता है तो 23 जुलाई को डीईओ कार्यालय का घेराव यथावत रहेगा। इस अवसर पर ब्लॉक संचालक धमतरी गेवाराम नेताम, चेतन लाल साहू, पदाधिकारी दीपक सहारे उपस्थित थे।

## चौपाटी और सड़क निर्माण से बदलेगा शहर का स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से कांटा तालाब के पास चौपाटी निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपये एवं बठेना से हरफतराई सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा प्रदान की गई है। इससे न केवल नगर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर महापौर रामू रोहरा ने राज्य शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि धमतरी की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसी विश्वास के बल पर मैं दिन-रात इस नगर को विकास के पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा दी गई यह स्वीकृति हमारे लिए गौरव की बात है। यह सिर्फ बजट नहीं, बल्कि धमतरी के भविष्य में निवेश है। इस स्वीकृति की खबर मिलते ही नगर निगम कार्यालय में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। मिठाइयां बांटी गई। मौके पर सभापति कौशल्या देवांगन, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव चंद्राकर, एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पार्षद नम्रता पवार समेत सभी पार्षदगण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

सैकड़ों मरीज 20 से 50 हजार का खर्च कर निजी अस्पतालों में करा रहे आपरेशन

# आयुष्मान भारत में मोतियाबिंद आपरेशन का पैकेज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मोतियाबिंद की बीमारी को आयुष्मान भारत योजना के पैकेज से बाहर करने का दंश जिले के सैकड़ों मरीजों को झेलना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में आपरेशन कराने से डरने वाले मरीजों को 20 से 50 हजार रूपए तक जेबें ढीली करनी रही हैं।

आंखों से संबंधित 42 बीमारियों में से 75 प्रतिशत मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित होते हैं। मोतियाबिंद का उपचार सिर्फ आपरेशन से संभव है। जिले में इस साल मोतियाबिंद के 4500 आपरेशन का लक्ष्य रखा है। मोतियाबिंद से पीड़ित रूक्मणि देवांगन ने बताया कि एक आंख धुंधली दिखाई दे रही है। चेकअप




कराने पर डाक्टरों ने मोतियाबिंद का आपरेशन कराने कहा है। उन्होंने बताया कि वह आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पताल में आपरेशन कराना चाहती हैं लेकिन आयुष्मान में मोतियाबिंद आपरेशन का पैकेज नहीं है। निजी अस्पतालों में आपरेशन का 20 से 50 हजार रूपए का खर्च बताया जा रहा है। रूक्मणि का कहना है कि सरकारी अस्पताल में कई बार मोतियाबिंद के आपरेशन में संक्रमण की शिकायत सुनने को मिलती है जिसके कारण वह निजी अस्पताल में इलाज कराना चाहती है। आयुष्मान में पैकेज नहीं होने से उनमें निराशा है। वृद्धा सुखबती ध्रुव ने बताया कि सालों पहले एक आंख का आपरेशन सरकारी अस्पताल में कराया था। संक्रमण के चलते वह आंख खराब हो गई। अब सरकारी अस्पताल में दूसरी आंख का आपरेशन कराने से डर लगता है।

### साल में पांच हजार से अधिक आपरेशन

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सन 2024-25 में 5152 मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया है जिसमें से 3205 मरीजों का जिला अस्पताल में सफल आपरेशन किया गया है। वहीं 1947 मरीजों ने निजी अस्पताल में आपरेशन कराया है। जिला अस्पताल के आई विभाग में पदस्थ गुरूशरण साहू ने बताया कि सन 2025-26 में 4500 मोतियाबिंद आपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से अब तक एक हजार के करीब मरीजों का आपरेशन किया गया है।

### गवर्नमेंट रिजर्व में मोतियाबिंद

आयुष्मान भारत योजना के प्रभारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि दिसंबर 2020 तक आयुष्मान योजना के पैकेज में मोतियाबिंद शामिल था। जनवरी 2021 से इसे पैकेज से हटा दिया गया है। मोतियाबिंद के आपरेशन को गवर्नमेंट रिजर्व कर दिया गया है।

## कुरुद से बगदेही मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान



**बगदेही।** कुरुद से बगदेही मार्ग बदहाल हो गया है। इस क्षेत्र के गांव भेंडरवानी, देवरी, कोसमर्रा, भखारा और अन्य गांवों के लोगों के लिए कुरुद शहर आने का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। ग्राम बगदेही के राजू जैन का कहना है कि इस मार्ग पर कालेज , स्कूल, आइटीआई के छात्र सहित सैकड़ों मजदूर आना-जाना करते हैं।

लोगों का कहना है कि रेत से भरे हाइवा के चलने के कारण इस मार्ग में कई जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गये हैं। ग्रामीणों ने सम्बन्धित विभाग से मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कॉम्पटेक कॉलेज में प्रवेश जारी

**धमतरी।** रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम बीसीए, पीजीडीसीए, बीकॉम एवं बीएससी में प्रथम सेमेस्टर के लिए कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में प्रवेश जारी है। सभी पाठ्यक्रम में न्यूनतम शिक्षण शुल्क एवं शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। शिक्षण शुल्क को किस्तों में देने की सुविधा है। प्रवेश के लिए प्रातः 9:30 से 2:30 बजे तक आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ विद्यार्थी उपस्थित हो सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### एक छोटा सा अस्पताल बनाने में साय सरकार असहाय : योगेश

**धमतरी।** इतवारी बाजार के पास 132 साल पुराने शहरी प्राथमिक



स्वास्थ्य केन्द्र का हमर अस्पताल के रूप में उन्नयन/निर्माण कार्य किया जा रहा है। विगत 18 माह पहले अस्पताल को तोड़ने का काम शुरू हुआ था परन्तु वर्तमान स्थिति में निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं है। ब्लॉक कांग्रेस शहर के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने इसे साय सरकार की संवेदनहीनता बताया है। आगे कहा कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा मुहैया कराने में विफल विष्णुदेव साय की सरकार एवं भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि धमतरी विकास के नाम पर क्षेत्र की जनता को रोज नए-नए सपने दिखा रहे हैं। साय सरकार डेढ़ साल से अधिक समय के कार्यकाल में लगभग 46 लाख रुपए से निर्मित होने वाले इतवारी बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन नहीं करवा पाई। शहरी क्षेत्र की गरीब जनता स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दर-दर भटक रही है।

### बिरेतरा स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। गुरु की महिमा पर आधारित स्वागत गीत गीतांजलि, टीनम, मधु कक्षा ग्यारहवीं द्वारा प्रस्तुत किया गया। खुशी यादव कक्षा बारहवीं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य गेवाराम नेताम ने भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्यों के बीच आत्मीय संबंध, गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने के पीछे के पौराणिक तथ्यों तथा गुरु के अर्थ को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। गुरु शिष्यों के संबंधों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुमन एवं डिंपल कक्षा ग्यारहवीं व आभार प्रदर्शन छात्र संघ प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता चोवाराम चंद्राकर ने किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री के घर में हुई ईडी की कार्रवाई का किया विरोध

# कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार व ईडी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार पर की गई कार्यवाही के विरोध में प्रवर्तन निदेशालय को भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करने के मामले को लेकर विरोध जताया और दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन से केंद्र, राज्य सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया।

इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे नेताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। हमारे नेताओं के खिलाफ उनके पास कोई सबूत नहीं है, सिर्फ परेशान करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी जेल में डाल दिया गया है। अब भाजपा सरकार क्री कठपुतली ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार पर कार्यवाही करते चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों की आवाज को कुचलने में जुटी है। सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग कर चुनाव जीत के बाद अपनी नाकामी छुपाने निम्न स्तर के कृत्यों का सहारा ले रही है। हम इस तरह के कृत्यों से डरने वाले नहीं हैं। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि भाजपा ईडी को विपक्ष के लिए हथियार की तरह उपयोग करने का काम कर रही है।

भाजपा सरकार ने लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन की तरह है जहां अपराधियों के शामिल होने के बाद वह सभी अपराध मुक्त हो जाते हैं। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। विफलताओं से घिरी भाजपा सरकार दुर्भावना से ईडी को मोहरा बना दिया है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस सरकार से बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। यही वजह है कि कभी केंद्रीय मंत्रियों के काफिले को रोका जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर जिस तरह से छापा मारा, वह पूरी तरह से बदले की राजनीति का हिस्सा है। मौके पर सलीम रोकड़ीया, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, दीपक सोनकर, अरविंद दोशी, बृजेश जगताप, हितेश गंगवीर, होरीलाल साहू, सूरज गहरवार, राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, सोमेश मेश्राम, उदित साहू, गौतम वाधवानी,गुरु गोपाल गोस्वामी, कन्हैया सोनी, अजय डहरिया, वातंजलि गोस्वामी, गनेश्वरी कामड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्ट्रोक के बाद के 4-5 घंटे गोल्डन पीरियड होते हैं

- आईएमए के चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में स्ट्रोक और किडनी रोग पर हुई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की धमतरी शाखा द्वारा सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने स्ट्रोक और क्रॉनिक किडनी रोग जैसी गंभीर बीमारियों पर चर्चा की। मुख्य वक्ता आई. एल. एस. हॉस्पिटल रायपुर के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भुवन शर्मा और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. करण सराफ थे।

डॉ. भुवन शर्मा ने स्ट्रोकः समय पर पहचान एवं प्रभावी प्रबंधन विषय पर अपने व्याख्यान में बताया कि स्ट्रोक की पहचान के लिए एफ.ए.एस.टी. फॉर्मूला अत्यंत उपयोगी है। इसमें फेस (चेहरे का एक तरफ लटकना), आर्म (हाथ में कमजोरी या सुन्नपन), स्पीच (बोलने में असंगति) और टाइम (तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना) को समझना आवश्यक है। स्ट्रोक के बाद के 4-5 घंटे गोल्डन पीरियड होते हैं, जब उपचार सर्वाधिक प्रभावी होता है। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और धूम्रपान स्ट्रोक के प्रमुख कारक हैं।

नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. करण सराफ ने क्रॉनिक किडनी डिजीज : नई चुनौतिया एवं समाधान विषय पर बताया कि 40% मधुमेह रोगियों को किडनी संबंधी समस्याएं होने का खतरा रहता है। उन्होंने प्रारंभिक अवस्था में सीरम क्रिएटिनिन और यूरिन एल्ब्यूमिन टेस्ट की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नमक कम करने, पर्याप्त हाइड्रेशन और नियमित जांच को किडनी रोगों से बचाव का उपाय बताया।

इस अवसर पर आईएमए धमतरी के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप साहू ने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक आयोजन स्थानीय चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान से लैस करते हैं। आईएमए सचिव डॉ. स्मित कुमार ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में डॉ. अनिल रावत, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. एन.पी. गुप्ता, डॉ. सुनील जैन, डॉ. जगविंदर सिंह खालसा, डॉ. अरुण टोंडर, डॉ. दिलीप राठौर, डॉ. मीना जैन, डॉ. मुरारी वाशानी, डॉ. अनुराग मसीह, डॉ. प्रफुल्ल पैकरा, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मुकेश लुंकड़, डॉ. प्रहर्ष क्लाडियस, डॉ. इरा क्लाडियस, डॉ. विभोर नंदा, डॉ. संगम लुंकड़, डॉ. मधु लुंकड़, डॉ. प्रीति साहू, डॉ. अपूर्व पवार, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रविकिरण शिंदे, डॉ. सुधीर चटर्जी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी और डॉ. आशीष राकी सहित जिले के 25 से अधिक चिकित्सकों ने भागीदारी की।

## रुद्रेश्वर घाट रुद्री में बनेगा रिवर फ्रंट कॉरिडोर

**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा ने रुद्रेश्वर घाट रुद्री में 20 करोड़ की लागत से रिवर फ्रंट कॉरिडोर बनाने एवं घाट सौंदर्यीकरण, विश्राम गृह शेड का निर्माण कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रस्ताव सौंपा था जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मौखिक सहमति देते हुए पर्यटन की दृष्टि से रुद्री का कायाकल्प करवाने आश्वस्त किया है। इस सार्थक पहल के लिये क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रामू रोहरा से भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य जागेंद्र साहू, गंगरेल मंडल भाजयुमो अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, भाजयुमो महामंत्री धीरेन्द्र सिंग, भाजयुमो महामंत्री धर्मराज सिन्हा, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी दीपक साहू, भाजयुमो कार्यालय प्रभारी भोलाराम साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री उमेश मसीह, मंडल आईटीसेल प्रभारी अजय गार्डिया, मंडल स्वच्छता प्रकल्प प्रभारी राहुल मानिकपुरी, अछोटा जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, अछोटा सरपंच संतोषी ढीमर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामनाथ ध्रुव, जितेन्द्र देवांगन, महेश यादव, राजेश यादव, कुंदन सिंग ठाकुर उपस्थित थे।



## सही दिशा में अनुसंधान अकादमिक विकास को बढ़ाता है

**धमतरी।** फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग धमतरी में सविष्कार के प्रदेश संयोजक रोहन सिन्हा द्वारा एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य आयुष विश्वविद्यालय और कॉलेज के छात्रों के बीच मौजूद सूचना और संवाद की खाई (मिस कम्युनिकेशन) को दूर करना था।



सत्र के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय से संबंधित समस्याओं और अपने संदेहों को खुलकर साझा किया, जिनका समाधान संयोजक द्वारा किया गया। रोहन सिन्हा ने विश्वविद्यालय और कॉलेज के प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय का आश्वासन भी दिया, जिससे छात्रों को आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कार्यक्रम में नर्सिंग के सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही और सभी ने सत्र को उपयोगी और मार्गदर्शक बताया। इस अवसर पर रोहन सिन्हा ने छात्रों को रिसर्च एंड डेवलपमेंट के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सही दिशा में अनुसंधान और नवाचार न केवल छात्रों के अकादमिक विकास को बढ़ाता है, बल्कि समाज की बेहतरी में भी योगदान देता है। सविष्कार द्वारा भविष्य में भी ऐसे सत्र आयोजित कर छात्रों को रिसर्च, नवाचार और संवाद की दिशा में सशक्त बनाने की पहल जारी रहेगी। इस अवसर पर जिला संयोजक गजेन्द्र जांगड़े, नगर मंत्री हितेश गीतलहरे उपस्थित थे।

# शहर के कचरे से निकल रहा प्रतिबंधित प्लास्टिक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**चेतावनी बेअसर : ग्राहक, व्यापारी खुलेआम बैन प्लास्टिक का कर रहे उपयोग**

नगर निगम प्रशासन की समझाइश व जनजागरूकता अभियान चलाने के बाद भी शहर के नागरिक प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करना नहीं छोड़ रहे हैं। नतीजन सड़क किनारे प्लास्टिक का जखीरा, नाला, नालियों में पॉलीथिन, डिस्पोजल, झिल्ली का कचरे के रूप में निकलना निगम प्रशासन की मेहनत पर पानी फेर रहा है। सब्जी मार्केट से लेकर किराना, डेलीनीड्स, जनरल आदि दुकानों में प्लास्टिक का भरपूर उपयोग हो रहा है। ग्राहक भी पॉलीथिन लेने से इंकार नहीं कर रहा है। पॉलीथिन, प्लास्टिक का व्यापार भी अंडरग्राउंड धड़ल्ले से हो रहा है।

हाल ही में निगम उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में निगम टीम ने शहर की कुछ शराब दुकानों के पास लगने वाले खोमचों में प्लास्टिक का जखीरा जब्त किया है। इससे पूर्व भी निगम टीम ने क्रमवार छापामारी कार्रवाई कर लाखों का प्लास्टिक जब्त किया था। चेतावनी बेअसर साबित हो रही है।

इधर महापौर रामू रोहरा ने शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम में निगम टीम को पूरी ताकत से झोंक दी है। नाला, नालियों, सड़कों, खुले मैदान, बाजारों की अच्छे सफाई करने निर्देश दिए हैं। महापौर का कहना है कि वर्तमान में सफाई रैंकिंग में आल इंडिया लेवल पर 71वां पायदान मिला है। आगे और भी सफलता मिलेगी। इसके लिए निगम के साथ-साथ व्यापारियों, ग्राहकों, आम नागरिकों का भी सहयोग आवश्यक है। श्री रोहरा का कहना है कि इंदौर शहर की तर्ज पर धमतरी को भी साफ, सुंदर, स्वच्छ रखा जाएगा।

सफाई कर्मियों का कहना है कि शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक का कचरा प्रतिदिन नाला नालियों से निकलता है, जिसमें 100 किलो के आसपास तो सिर्फ प्रतिबंधित प्लास्टिक ही होता है। प्रतिबंधित प्लास्टिक की खरीद फरोख्त रोकने निगम प्रशासन ने उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है जो शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर छापामार शैली में काम कर रही है। नियम विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई होगी।

## जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बालिकाओं का चयन

**धमतरी।** विकासखंड स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका क्रिकेट चयन प्रतियोगिता गर्ल्स स्कूल धमतरी में हुई। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार, रुद्री, अजीम प्रेमजी विद्यालय शंकरदाह तथा शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय विद्यालय धमतरी की बालिका खिलाड़ी सम्मिलित हुईं। आयोजन के संचालन में सहसंयोजक जे.पी. देव, प्रखर श्रीवास्तव, नवनीत पचौरी एवं देवेंद्र अंगारे की भूमिका रही। चयनित खिलाड़ी 21 जुलाई को सिवनीकला कुरूद में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता, में शामिल होगी। बालिका अंडर 17 में नलिनी ओझा, डेमिन यादव, लीना, नेहा, मुक्ता, मीनाक्षी, चित्रलेखा, चेतना, तुलेश्वरी, भूमिका यादव, त्रिशिका, नारायणी यादव व बालिका अंडर-19 में भारती यादव, चंचल, वर्षा, झरना, बबीता, गीतांजलि, कामिनी, हर्षा, साक्षी, चंचल साहू, दीपलता, भूमिका का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को प्राचार्य बी. मैथ्यू, वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र गजेंद्र, योगेंद्र देवांगन, एलके उपाध्याय, सीएस तुरंग, खिलावन सिंह साहू, राजेंद्र साहू, लेखराज पुरी, मनोज साहू, रवि देव सोरी, विष्णु गिलहरे तथा विकास सिंह ठाकुर ने शुभकामनाएं दीं।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

## पोटियाडीह की कॉलोनी में रोपे गए पौधे

**धमतरी।** ग्राम पोटियाडीह की कॉलोनी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर उपसरपंच राजीवगिरी गोस्वामी, आरएस छाबड़ा, बालकिशन साहू, निशा कुम्हाड़िया, प्रवीण देवांगन, आशीष कुमार, यीशु ध्रुव, अनिल साहू, तोरण, कुलदीप, जितेन्द्र पारकर, अमित, स्वतंत्र सोनकर, ईश्वर, पुरूषोत्तम, गिरधर, चंदू पटेल, श्रीमती खेमिन समेत अन्य शामिल हुए।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर
(9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशिः- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## कोसरिया मरार पटेल समाज की बैठक 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोसरिया मरार पटेल समाज की बैठक व जिला स्तरीय चुनाव 20 जुलाई रविवार को 11 बजे से पटेल समाज सभाभवन आमापारा जालमपुर रोड धमतरी में होगा। सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील जिला संरक्षक बिशेषर पटेल, धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, जिला सचिव दिलीप पटेल ने की है।

### कुरूद महाविद्यालय परिसर में रोपे गए पौधे

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में प्राचार्य डॉ.एके मिश्रा के निर्देशन में टिकेश साहू मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति तथा जनभागीदारी समिति के सदस्यों के विशेष आतिथ्य में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें छोटे बड़े कदम ताल, बादाम, नीम, गुलमोहर, टिबियारोजा, पाम पे फोरम के 111 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समिति के सदस्यों एवं छात्रों द्वारा जनसमूहों में प्रकृति प्रेम की भावना विकसित करना, पर्यावरण संतुलन एवं वृक्षों के महत्व पर समाज का ध्यान आकर्षित कराना है। मौके पर भोजराज चन्द्राकर, सूरज देवांगन, शशांक कृदत्त, अविनाश शुक्ला शामिल हुए।

### अवैध रेत का उत्खनन परिवहन तथा नर्सरी में बेखौफ अतिक्रमण

# करेलीबड़ी में समस्याओं का अंबार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत करेलीबड़ी के पंचायत प्रतिनिधियों ने अवैध रेत उत्खनन, अवैध अतिक्रमण सहित विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे सरपंच और पंचों ने ज्ञापन में कहा है कि पंचायत करेलीबड़ी एवं आश्रित गांव खट्टी स्थित महानदी क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और परिवहन हो रहा है। वर्षाकाल में नदियों से रेत निकासी पर लगे प्रतिबंध का माखौल उड़ रहा है। राजस्व का नुकसान हो रहा है। रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

नर्सरी में अतिक्रमण करेली बड़ी के महानदी तट पर शासन ने पौधरोपण का वृहद कार्य कर नर्सरी तैयार की थी जिस पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने पौधों को काटकर वहां पर अतिक्रमण कर लिया है और धान का रोपण कर रहे हैं।

पंचायत द्वारा मुनादी कर रोक लगाने के बावजूद अवैध अतिक्रमण का कार्य थम नहीं रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बेजा कब्जा को शीघ्र हटाने की मांग की है। मौके पर खेमलता संध्या साहू सरपंच करेलीबड़ी, उपसरपंच तोरण, पंचगण आनेश्वरी, नरेश भारती, निमेष यादव, यशवंत साहू, पंच प्रतिनिधि डोमेश्वर साहू, जनक सेन, घनश्याम साहू आदि मौजूद थे।

#### रोड किनारे पाइप लाइन का विस्तार

पंचायत जनप्रतिनिधियों ने एक अन्य मांग में कहा है कि करेलीबड़ी पंचायत में बोर खनन का कार्य पूर्ण हो चुका है। बोर स्थल से पानी टंकी तक पानी पहुंचाने पाइप लाइन का विस्तार किया जाना है। पाइप को रोड किनारे से लेकर जाना पड़ेगा। रोड किनारे पाइप लाइन विस्तार करने की अनुमति कलेक्टर से मांगी है।

#### प्रधानमंत्री सड़क की मरम्मत की मांग

करेलीबड़ी पंचायत अंतर्गत ग्राम करेली के मुख्य मार्ग से परसट्टी तक सड़क मार्ग अति जर्जर हो चुका है। मेघा पुल के क्षतिग्रस्त होने से भारी भरकम वाहनों के अलावा सभी प्रकार की गाड़ियों का आवागमन इसी रोड से हो रहा है। रोड के जर्जर होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। करेलीबड़ी से परसट्टी सड़क मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत रोड की मरम्मत कराने की मांग की है।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज